Amity University
Uttar Pradesh

Savita Mehta
Vice President, Communications

Amity University
Block E-II, 2nd Floor
Sector – 125, Noida
Ph: 0120 - 4392620
Fax: 0120-4392622
www.amity.edu

प्रेस विज्ञप्ति
अगस्त 24, 2016

एमिटी विश्वविद्यालय के वार्षिक अंतरसंस्थान क्रीडा प्रतियोगिता " संगठन 2016" का शुभारंभ

देश विदेश के सभी एमिटी कैंपस मे एक साथ हुआ उद्घाटन

एमिटी का उदेदश्य मात्र उच्चगुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नही है अपितु छात्रों के अंदर छिपी खेल भावना को बढ़ाकर उसे मंच प्रदान करना भी है, जिससे अंर्तराष्ट्रीय स्तर के बेहतर खिलाडी तैयार हो सके। छात्रों में खेल भावना का विकास करने हेतु एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक अंतरसंस्थान खेल प्रतियोगिता " संगठन - 2016" का उद्घाटन ई टू ब्लाक सभागार, एमिटी विश्वविद्यालय कैंपस, सेक्टर - 125 नोएडा में किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के चांसलर डा अतुल चौहान, एमिटी डायरोक्टोरेट ऑफ डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के वाइस चेयरमैन श्री अजीत चौहान, एमिटी ह्यूमिनिटी फांउडेशन की वाइस चेयरपरसन सुश्री पूजा चौहान, एमिटी विश्वविद्यालय के ग्रुप वाइस चासंलर डा गुरिंदर सिंह, एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश की वाइस चांसलर डा (श्रीमती) बलविंदर शुक्ला, एंव वार्षिक अंतरसंस्थान खेल प्रतियोगिता " संगठन - 2016 की चेयरपरसन श्रीमती कल्पना शर्मा ने किया।

इस अंतरसंस्थान खेल प्रतियोगिता में एमिटी के अन्य कैंपस - जयपुर, लखनउ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मानेसर, ग्वालियर, रांची, मुबंई, दिल्ली सहित एमिटी के दुबई एंव मारिशस से भी छात्र हिस्सा ले रहे है जिसमें कई कार्यक्रमों के अलावा तैराकी, क्रिकेट, बास्केटबॉल, खो खो, शतरंज, निशानेबाजी आदि प्रतियोगिताओं मे टीमें हिस्सा लेगीं । संगठन 2016 का शुभारंभ के अवसर पर एक प्रर्दशनी टेबल टेनिस मैच का आयोजन हुआ।

एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के चांसलर डा अतुल चौहान ने छात्रों एंव अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि एमिटी में आयोजित संगठन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसमें छात्रों के अंदर इच्छाशक्ती, एकजुट होकर कार्य करने की क्षमता को बढ़ावा मिलता है, जो उनके

विकास मे सहायक होता है । संगठन हम सबको एक साथ मिलकर खेलने की प्रेरणा भी देता है। छात्रों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बधाई देते हुए डा चौहान ने कहा कि एमिटी सदैव से खेल विकास के प्रति सजग रहा है और संगठन प्रतियोगिता के माध्यम से हम उनके अंदर छिपे खिलाड़ी को मंच प्रदान कर उभरने का मौका भी देते है। उन्होने कहा कि खेल मे हार जीत मायने नही रखती, मुख्य बात खेल भावना है। ***डा चौहान ने कहा कि इस दो माह की अंतर संस्थान प्रतियोगिता के दौरान रियो ओलंपिक मे हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जायेगा जिनसे छात्रों को मिलने का मौका मिलेगा।***

एमिटी डायरेक्टोरेट ऑफ डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के वाइस चेयरमैन श्री अजीत चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र स्वंय के अंदर नेतृत्व की भावना को जागृत करें तथा देश व समाज हित मे कार्य करें। एक अच्छा व्यक्ति ही अच्छा खिलाड़ी हो सकता है। आपके अंदर जीतने का जज्बा होना चाहिए और पूरी तन्मयता से खेलें। उन्होने कहा कि आज खेल के क्षेत्र मे तरक्की के काफी अवसर उपलब्ध हो रहे है, आप सभी छात्रों मे मुझे ओलपिंक विजेताओं के चेहरे दिखाई दे रहे है। रियो ओलपिंक में देश की बेटियों साक्षी मलिक एंव पी वी सिंधु ने झंडे गाडकर देश का नाम रौशन किया है तो एमिटी की इस अंतरसंस्थान प्रतियोगिता संगठन मे एमिटी की बेटियां अवश्य अपने संस्थान का नाम रौशन करेंगी।

वार्षिक अंतरसंस्थान खेल प्रतियोगिता “ संगठन - 2016 की चेयरपरसन श्रीमती कल्पना शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि एमिटी पिछ्ले 18 सालों से व्यापक खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, उन्होने कहा कि आज भारत में इस प्रकार के खिलाडियों की आवश्यकता है जो कि विश्वस्तर पर देश का नाम रोशन कर सके। श्रीमती शर्मा ने कहा हमारा सदैव प्रयास रहता है कि एमिटी के छात्र विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं मे हिस्सा लेकर सफलता हासिल करे और अपने परिजनों, संस्थान व देश का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर ‘‘संगठन’’ मशाल निकाली गयी जिसने एमिटी विश्वविद्यालय से चलकर एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर -44 से एमिटी ग्रेटर नोएडा कैंपस का चक्कर पूरा किया। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के डिप्टी ग्रुप वाइस चांसलर लेफ्ट जनरल पी डी भार्गवा, ग्रुप प्रो वाइस चांसलर रियर एडिमिरल आर सी कोच्चर एंव डा जोगेश्वर गोस्वामी और संस्थानों के प्रमुख, शिक्षकगण आदि उपस्थित थे।

अधिक जानकारी के लिए संर्पक करें - अनिल दुबे - 9818671697